# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
# रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक 1666 / 23(सी) दिनांकः 11-12-2019

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
रामनगर वन प्रभाग रामनगर।

विषयः– **जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के विकास खण्ड कोटाबाग के अन्तर्गत दैचोरी देगॉव नया पाण्डेगॉव में आनन्द सिंह के घर से राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, दैचोरी देगॉव मोटर मार्ग का निर्माण। FP/UK/ROAD/35251/2018**

सन्दर्भः– कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण के पत्रांक 330/FP/UK/ROAD/35251/2018 दिनांक 02.12.2019 एवं भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–केन्द्रीय क्षेत्र) देहरादून के पत्रांक 8बी0/यू0सी0पी0/06/69/2019/एफ0सी0/1585 दिनांक 11.10.2019

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित ई0डी0एस0 के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त पत्र द्वारा लगाई आपत्तियों का निराकरण कर प्रेषित कर दिया गया है।

| क्र0सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | बिन्दु 1 के प्रतिउत्तर में प्रस्तावित मोटर मार्ग का डिजिटल मैप आनलाईन तथा मूल में डी0एफ0ओ0 द्वारा प्रति हस्ताक्षरित नहीं किया गया है। अतः राज्य सरकार प्रस्तावित मोटर मार्ग के डिजिटल मैप डी0एफ0ओ0 द्वारा प्रतिहस्ताक्षर करायें तथा आनलाईन अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही उसकी मूल प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। | डिजिटल मैप पर डी0एफ0ओ0 द्वारा प्रतिहस्ताक्षित कर पुनः अपलोड कर दिये गये हैं। |
| 2 | बिन्दु 3 एवं 8 के प्रतिउत्तर में कोई जवाब नहीं दिया गया है। अतः राज्य सरकार बिन्दु 3 एवं 8 का जवाब इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। | बिन्दु सं0 3 व 8 का प्रतिउत्तर प्रभागीय वनाधिकारी (डी0एफ0ओ0) रामनगर से सम्बन्धित है। |
| 3 | प्रस्तावित मोटर मार्ग मात्र 450 मी0 में है तथा एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने के लिये प्रस्तावित है। क्षेत्र के आस पास पर्याप्त मात्रा में नाप भूमि है तथा वन भूमि में प्रस्ताव को औचित्य स्पष्ट नहीं हैं क्योंकि दूरी भी काफी कम है। इसके अतिरिक्त प्रस्तावित समरेखण पर एक मार्ग पूर्व से ही उपस्थित प्रतीत होता है। अतः राज्य सरकार इस पर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। | प्रस्तावित मोटर मार्ग 1000 मी0 लम्बाई में स्वीकृत है। मार्ग पूर्व निर्मित 50 मी0 ग्रामीण मार्ग के अन्तिम बिन्दु से प्रारम्भ होकर रा0पू0मा0 विद्यालय देचौरी देगांव तक जायेगा। भू–गर्भवेत्ता द्वारा समरेखण के तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त पाये जाने के पश्चात ही प्रस्तावित किया गया है। ग्रामीणों द्वारा इसी समरेखण पर सहमति दी गयी है। |

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अपने स्तर से बिन्दु सं0 1 के अनुसार डिजिटल मैप की मूल कॉपी भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय (उत्तर–केन्द्रीय क्षेत्र) 25 सुभाष रोड, देहरादून को प्रस्तुत करने की कृपा करें।

भवदीय
11/12/19

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक /
दिनांकः

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0 नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
रामनगर (नैनीताल)

Scanned by CamScanner